चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ।

Ch. Charan Singh University, Meerut

पत्रांक : पी0ए0/7968
दिनांक : 03-06-2023

सेवा में,

प्राचार्य/प्राचार्या/सचिव/निदेशक,
समस्त सम्बद्ध बी0एड़ महाविद्यालय/संस्थान
चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय , मेरठ।

विषय :– बी0एड़ संस्थानो में अध्ययनरत् छात्राध्यापक/छात्राध्यापिकाओं के अनिवार्य स्काउटिंग/गाइडिंग प्रशिक्षण के अन्तर्गत स्पेशल इन्ट्रोडक्टी कोर्स के आयोजन के सम्बन्ध में।

महोदय/महोदया,

उपरोक्त विषयक भारत स्काउट और गाइड उ0प्र0 के पत्र पत्रांक संख्याः– एस0जी098/281/2023–24 दिनांक 01.05.2023 का संदर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें, जो कि बी0एड़ संस्थानो में अध्ययनरत् छात्राध्यापक/छात्राध्यापिकाओं के अनिवार्य स्काउटिंग/गाइडिंग प्रशिक्षण के अन्तर्गत स्पेशल इन्ट्रोडक्टी कोर्स के आयोजन के सम्बन्ध में, भारत स्काउट और गाइड उ0प्र0 के कार्यक्रम एवं गतिविधियों को लागू करने के लिए विशेष सचिव श्री राज्यपाल, उ0प्र0/उच्च शिक्षा निदेशालय/क्षेत्रीय उच्च शिक्षा अधिकारी , मेरठ द्वारा पूर्व में भी निर्देशित किया गया है। कार्यक्रम के प्रभावशाली एवं विधिक क्रियान्वयन के लिए यह आवश्यक है कि बी0एड़ शिक्षण संस्थानो में प्रशिक्षु अध्यापक/अध्यापिका इस विधा से भलीभांति विज्ञ हों इस दृष्टिकोंण से बी0एड0 प्रशिक्षण पाठ्यक्रम में इसका समावेश करते हुए अनिवार्य रूप से भारत स्काउट और गाइड उ0प्र0 के निम्नवत् निर्देशों के आलोक में प्रशिक्षण कराया जाना अनिवार्य है :–

कोर्स का नाम	स्पेशल इन्ट्रोडक्ट्री (बी0एड0/डी0एल0एड0)
अवधि	5 दिन
प्रशिक्षक की नियुक्ति	मण्डल के सहायक प्रादेशिक संगठन आयुक्त श्री मयंक शर्मा (8954544730) द्वारा सम्बन्धित जनपद के जिला सचिव एवं जिला प्रशिक्षण आयुक्त के सहयोग से नियुक्त किये जायेंगे।
शुल्क	रू.1000/–प्रति प्रतिभागी (रू 400/– प्रादेशिक अंश ,रू.150/– जनपद अंश,रू.450/– संस्थान अंश)
वर्दी	संस्थान द्वारा निर्धारित यूनिफार्म
स्कार्फ – वोगल	प्रादेशिक मुख्यालय द्वारा निःशुल्क (गिफ्ट स्वरूप) प्रदान किया जायेगा।
नियुक्त प्रशिक्षको को देय मार्ग व्यय एवं दैनिक मानदेय	मानदेय – लीडर ट्रेनर योग्यताधारी प्रशिक्षको को रू 600/ प्रति दिन सहायक लीडर ट्रेनर योग्यताधारी प्रशिक्षकों को रू 550/ प्रतिदिन , हिमालय वुडबैज योग्यताधारी को रू.500/– प्रतिदिन, एडवांस योग्यताधारी को रू 400/प्रतिदिन तथा दैनिक मार्ग व्यय प्रतिदिन रू 100/ देय होगा। यह सभी व्यय संस्थान द्वारा अपने अंश के मद से प्राप्त धनराशि से व्यय किया जायेगा।
पाठ्यक्रम	प्रादेशिक प्रशिक्षण आयुक्त (स्काउट/गाइड) द्वारा निर्धारित पाठ्यक्रम जिसमें तीनो शाखाओं से सम्बन्धित विषय सम्मलित होगे। पाठ्क्रम संलग्न है।

अतः उक्त के क्रम में समस्त बी0एड़ प्रशिक्षण संस्थान में भारत स्काउट और गाइड का प्रशिक्षण शिविर समय से सम्पन्न कराने के लिए उचित कार्यवाही कर सहायक प्रादेशिक संगठन कमिश्नर (स्काउट/गाइड) मेरठ मण्डल एवं अधोहस्ताक्षरी को कृत कार्यवाही से अवगत कराना सुनिश्चित करें।

भवदीय
03-06-23
कुलसचिव

प्रतिलिपि सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः–

1. प्रादेशिक मुख्यायुक्त, भारत स्काउट और गाइड उ0प्र0।
2. कुलपति, चौ0चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ।
3. निदेशक राज्य शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान निशातगंज, लखनऊ।
4. समस्त प्रादेशिक आयुक्त, भारत स्काउट और गाइड उ0प्र0।
5. प्रादेशिक सचिव, भारत स्काउट और गाइड उ0प्र0।
6. प्रादेशिक प्रशिक्षण आयुक्त (स्काउट/गाइड) भारत स्काउट और गाइड उ0प्र0।
7. क्षेत्रीय उच्च शिक्षा अधिकारी , मेरठ।
8. सहायक प्रादेशिक संगठन आयुक्त, मेरठ मण्डल ।
9. समस्त जिला मुख्यायुक्त /जिला सचिव, भारत स्काउट और गाइड उ0प्र0, मेरठ मण्डल।
10. समस्त जिला प्रशिक्षण /संगठन आयुक्त भारत स्काउट और गाइड उ0प्र0, मेरठ मण्डल।

कुलसचिव